ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 26 ] [ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 4

Total No. of Questions : 26 ] [ Total No. of Printed Pages : 4

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 458-H (RS)**

**Code No. : 458-H (RS)**

# ಡಿ.ಎಲ್.ಎಡ್. ದ್ವಿತೀಯ ವರ್ಷ

# D.El.Ed. SECOND YEAR

# ಕಲಿಕೆಯನ್ನು ಅನುಕೂಲಿಸುವುದು — ವಿಜ್ಞಾನ (ಐಚ್ಛಿಕ ವಿಷಯ)

# FACILITATING LEARNING — SCIENCE ( OPTIONAL )

(ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ)

( Hindi Version )

**(ಪರಿಷ್ಕೃತ ಪಠ್ಯವಸ್ತು)**

**(Revised Syllabus)**

ದಿನಾಂಕ : 11. 01. 2020 ]

Date : 11. 01. 2020 ]

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10.00 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1.00 ರವರೆಗೆ ] [ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 60

Time : 10.00 A.M. to 1.00 P.M. ] [ Max. Marks : 60

*ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯ ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ*

*Register Number of the Candidate*

## भाग - I

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न हेतु चार-चार विकल्प दिये गये हैं । सही विकल्प का चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिये । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : $10 \times 1 = 10$

1. निम्नलिखित में से किस आपदा में कोई निश्चित प्रारंभ एवं निश्चित अंत नहीं होता ?

   (A) चक्रवात (B) भूकंप

   (C) ज्वालामुखी (D) सूखा ।

2. बुनियादी मानवीय गुण जो वैज्ञानिक ज्ञान के विशाल पिंड के विकास में सहायता नहीं करता है, है

   (A) तर्क (B) आध्यात्मिकता

   (C) अंतर्दृष्टि (D) कठिन कार्य ।

3. वायु में ऑक्सीजन की उपस्थिति की खोज करनेवाले वज्ञानिक हैं

(A) मेंडेलीव (B) ग्रेगोर मेंडल

(C) जोसेफ प्रीस्टले (D) मेरी क्यूरी ।

4. विद्यार्थी कौशल या प्रक्रिया का प्रदर्शन करने वाले शिक्षक को देखकर सीखते हैं । यह पद्धति है एक

(A) प्रदर्शन (B) समूह चर्चा

(C) विचारावेश (D) व्याख्यान ।

5. शिक्षक विद्यार्थियों के साथ जाकर जल के धारणीय उपयोग की अवधारणा विकसित करने वाला स्थान है

(A) जलप्रपात (B) नदी

(C) निष्कासित मल जल उपचार संयंत्र (D) पनबिजली संयंत्र ।

6. इष्टतम अधिगम होता है

(A) सुनने से (B) प्रत्यक्ष अनुभव से

(C) अवलोकन से (D) वार्तालाप से ।

7. पदार्थ की गैस से तरल अवस्था में बदलनेवाली प्रक्रिया है

(A) संघनन (B) पिघलन

(C) वाष्पीकरण (D) ऊर्ध्वपातन ।

8. कमल का पौधा पानी पर तैरता है । क्योंकि

(A) यह वजन में हल्का होता है (B) पत्तियाँ मोम से आवृत्त होती हैं

(C) पत्तियाँ चौड़ी होती हैं (D) इसमें हवा के प्रकोष्ठ होते हैं ।

9. औपचारिक मूल्यांकन का एक उदाहरण है

(A) बच्चे के समग्र प्रदर्शन को ग्रेड करना

(B) इकाई परीक्षा

(C) कक्षा अधिगम की प्रक्रिया में तत्काल प्रतिक्रिया देना

(D) वार्षिक परीक्षा ।

10. स्व-मूल्यांकन के लिए बच्चों द्वारा उपयोग किया जानेवाला एक उपकरण है

(A) KWL ग्रिड (B) इकाई परीक्षा

(C) रेटिंग स्केल (D) वर्क शोट ।

## भाग - II

निम्न में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रत्येक उत्तर **आधा** पृष्ठ से अधिक न हो :

$5 \times 2 = 10$

11. विज्ञान कक्षा के विद्यार्थियों के बीच जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक की एक स्थिति दीजिए ।
12. आप एक प्रयोग के माध्यम से कैसे समझाते हैं कि 'दहन के लिए ऑक्सीजन आवश्यक है' ?
13. जलीय निवास में प्रभावी अनुकूलन के लिए मछली में पाए जानेवाले शारीरिक परिवर्तन लिखिए ।
14. "जाँच एक सक्रिय अधिगम प्रक्रिया है ।" मार्गदर्शित जाँच अधिगम में अंतर्भूत किन्हीं चार कारकों को सूचीबद्ध कीजिए ।
15. 'जीवों में विविधता' शीर्षक अधिगम में आप विद्यार्थियों को कैसे शामिल कर सकते हैं ?
16. एक अच्छे संसाधन की कोई चार विशेषताएँ लिखिए ।
17. 'प्लवन और निमज्जन' सिखाने के लिए अपने तत्काल वातावरण से किन्हीं चार मदों के नाम लिखिए ।
18. निम्नलिखित शीर्षक के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न का ढाँचा प्रस्तुत कीजिए :
    ऊर्जा के स्रोत ।

## भाग - III

निम्न प्रत्येक प्रश्न में एक विकल्प दिया गया है । (a) अथवा (b) किसी एक का उत्तर **एक** पृष्ठ से अधिक न होते हुए दीजिये :

$8 \times 5 = 40$

19. (a) आप कैसे जाँच कर सकते हैं कि प्रभावी विज्ञान शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में निम्नलिखित मूल्यों को विकसित किया जा सकता है ?
    (i) ईमानदारी और सत्यनिष्ठा
    (ii) दृढ़ होना ।

    **अथवा**

    (b) आप प्रासंगिक उदाहरणों के साथ निम्नलिखित कथन का मूल्यांकन कैसे कर सकते हैं ?
    "जैविक खेती विधि द्वारा खेती किए गए खाद्य उत्पादों के सेवन से स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती हासिल की जा सकती है ।"

20. (a) भोजन में स्टार्च की उपस्थिति का पता लगाने के लिए आप एक प्रयोग की व्यवस्था कैसे कर सकते हैं ? किसी भो प्रक्रिया कौशल को पहचानिए जो इस प्रयोग के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच विकसित किया जा सकता है ।

    **अथवा**

    (b) "पौधे साँस लेते हैं" इस तथ्य को प्रदर्शित करने के लिए आप कक्षा में प्रयोग की व्यवस्था कैसे करते हैं ? किन्हीं दो प्रक्रिया कौशलों को सूचीबद्ध कीजिए जो आप इस प्रयोग के माध्यम से विकसित करेंगे ।

21. (a) NCF-2005 के अनुसार प्राथमिक विद्यालय में विज्ञान पढ़ाने के लक्ष्यों और उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

(b) किसी समूह-चर्चा में शिक्षकों और विद्यार्थियों की भूमिका के बारे में संक्षेप में लिखिए ।

22. (a) संरचनावाद के मार्गदर्शक सिद्धान्तों को संक्षेप में समझाइए ।

**अथवा**

(b) सीखने में असमर्थ बच्चों के लिए आप भौतिक पर्यावरण और शिक्षण सामग्री संशोधन का आयोजन कैसे कर सकते हैं ?

23. (a) 'पदार्थों के पृथक्करण' शीर्षक के लिए आप खोज और व्याख्या क्रियाकलापों को कैसे अभिकल्पित कर सकते ह ?

**अथवा**

(b) 'जल संरक्षण' शीर्षक के लिए आप विस्तार और मूल्यांकन क्रियाकलापों को कैसे अभिकल्पित करते हैं ?

24. (a) एक ग्रामीण स्कूल के विज्ञान शिक्षक के रूप में किन स्थानीय संसाधनों को 'पदार्थों की अवस्था' विषय के प्रभावी शिक्षण हेतु सुझाव देंगे ? समझाइए कि आप उनका उपयोग कैसे कर सकते हैं ।

**अथवा**

(b) एक शिक्षक के रूप में आप उच्च प्राथमिक विद्यालय की विज्ञान पुस्तक का समालोचनात्मक विश्लेषण कैसे करते हैं ?

25. (a) विज्ञान के अधिगम में विद्यार्थियों की प्रगति की रिपोर्ट करते समय संबोधित आयाम का विश्लेषण कीजिए ।

**अथवा**

(b) अपने भोजन की आदतों के आधार पर प्राणियों के वर्गीकरण का चित्रण आप वेन आरेख की सहायता से कैसे करते हैं ?

26. (a) निर्माणात्मक मूल्यांकन की विभिन्न तकनीकों को सूचीबद्ध कीजिए । इनमें से किन्हीं दो को संक्षेप में समझाइए ।

**अथवा**

(b) 'रेशम के कीड़ों का जीवन चक्र' शीर्षक के लिए विज्ञान पत्रिका की प्रविष्टियों को आप कैसे रखते हैं ?

---